हरियाणा में विभिन्न ग्रामीण योजनाओं के लिए ऋण दिया जाना

4209. **श्री रामजी लाल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विभिन्न अभिकरणों के माध्यम से विभिन्न ग्रामीण योजनाओं के लिए गांव वालों को अनुदान या ऋण देती है, यदि हां, तो ऐसे अभिकरणों या बैंकों के क्या नाम हैं;

(ख) इस संबंध में पिछले वर्ष और चालू वर्ष में अब तक कितने आवेदन प्राप्त हुए और क्या सभी आवेदकों को धनराशि दे दी गई है;

(ग) इस संबंध में हरियाणा के बारे में जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(घ) अनुदान या ऋण देने में देर करने के लिए हिसार और यमुना नगर (हरियाणा) के जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनके नाम क्या हैं?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल): (क) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गरीबी की रेखा से नीचे बसर करने वाले लोगों को स्वरोजगार वाले उद्यम शुरू करने के लिए दी जाती है ताकि वे गरीबी की रेखा को पार करने में समर्थ हो सकें। जिला स्तर पर जिला ग्रामीण विकास एजेंसी कार्यान्वयन एजेंसी है। सहायता सरकारी सब्सिडी और आसान शर्तों पर बैंक ऋण की मार्फत मुहैया कराई जाती है। सभी अनुसूचित बैंकों, सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

(ख) इस मंत्रालय द्वारा विभिन्न बैंकों में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या की निगरानी नहीं रखी जाती है। तथापि, वर्ष 1993-94 के दौरान कार्यक्रम के अन्तर्गत 25.73 लाख लाभार्थियों के लक्ष्य की तुलना में 25.34 लाख लाभार्थियों को सहायता दी गई थी।

(ग) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)।

(घ) राज्य सरकार द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के ऋण के वितरण में विलंब होने के संबंध में राज्य सरकार के किसी अधिकारी के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

विवरण

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1993-94 और 1994-95 (जुलाई, 1994 तक) के दौरान जिलेवार प्राप्त हुए आवेदन पत्रों और उपलब्ध कराई गई सहायता निम्नलिखित है

जिला ग्रामीण विकास एजेंसी	1993-94		1994-95	
	प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की कुल संख्या	वितरित ऋण/ सब्सिडी	प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की कुल संख्या	वितरित ऋण/ सब्सिडी
1. अम्बाला	3570	2214	795	230
2. भिवानी	3757	3013	845	33
3. फरीदाबाद	2323	2211	1162	182
4. गुड़गांव	3537	2290	1818	161
5. हिसार	10501	5135	2010	1751
6. जींद	5399	2332	808	352
7. कैथल	2828	1598	865	155
8. करनाल	3997	1778	1681	438
9. कुरुक्षेत्र	3309	1705	634	68

	1993-94		1994-95	
जिला ग्रामीण विकास एजेंसी	प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की कुल संख्या	वितरित ऋण / सबसिडी	प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की कुल संख्या	वितरित ऋण / सबसिडी
10. मोहिन्द्रगढ़	2164	1230	1032	116
11. पानीपत	2571	1178	996	189
12. रेवाड़ी	3083	1884	931	255
13. रोहतक	4952	3055	414	170
14. सिरसा	4907	1709	1266	170
15. सोनीपत	3290	1816	1705	209
16. यमुना नगर	4114	1879	1412	173
	63802	34026	18072	4652

Rural Development Schemes in Orissa

4210. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the schemes drawn up by the Central Government for the development of rural areas in Orissa;

(b) the funds, allocated to the State of Orissa under those schemes during the last four years; *and*

(c) the achiements made under those schemes dusithouse years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI UTTAMBHAI PATEL): (a) to (c) The major schemes drawn up by the Central Government for the development of rural areas in the State of Orissa are (i) Integrated Rural Development (IRDP), (ii) Jawahar Rozgar Yojana (JRY) (iii) Accelerated Rural Water Supply Programme (ARWSP) and (iv) Drought Prone Area Programme (DPAP). The allocation of funds as well as corresponding physical achievements under the above schemes during the period 1990-91 to 1993-94 are given in statement I & II.